# छठवीं कक्षा

## सारांशात्मक परीक्षा (समेटिव टेस्ट)

**: प्रश्नवार भार प्रदान तालिका :**

| | सुनो-बोलो | पढ़ना | लिखना | सृजनात्मक अभिव्यक्ति | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्रश्न** | 4(मौखिक) | 1(मौखिक)<br>1(लिखित) | 1 (लिखित) | 1 (लिखित) | **8** |
| **भार** | 40% | 10% + 10% | 20% | 20% | **100%** |

**मौखिक परीक्षा = 40% + 10% = 50%**
**लिखित परीक्षा = 10% + 20% + 20% = 50%**

# सूचनाएँ

1. प्रस्तुत प्रश्न-पत्र नमूना पत्र मात्र ही है।

2. इस प्रश्न-पत्र को छात्रों के विभिन्न कौशलों की जाँच करने हेतु बनाया गया है।

3. खंड (1) सुनो-बोलो केवल मौखिक रूप में लिया जाय।

4. खंड (1) में प्रत्येक छात्र से पाँच प्रश्न पूछे जायें। (30%)

5. खंड (1) के प्रश्नों का भार कुल प्रश्न पत्र भार 100% में से 30% है। खंड (2) में एक प्रश्न का भार 10% है, जो मौखिक रूप में लिया जाएगा। अतः खंड एक (4 प्रश्न) और खंड दो (1 प्रश्न) मिलाकर कुल 40% भार मौखिक के लिए है।***मौखिक परीक्षा का आयोजन लिखित परीक्षा के पहले या बाद में लेना चाहिए। तत्पश्चात कुल श्रेणी (ग्रेड) का निर्धारण करना चाहिए।***

6. खंड 2 (2 प्रश्न) और खंड 3 लिखित रूप में लिया जाएगा।

7. खंड 2 से खंड 4 तक के प्रश्नों के लिए कुल प्रश्न पत्र भार 100% में से 60% होना चाहिए।

8. इस प्रश्न पत्र में कुल 4 खंड हैं। इनमें कुल 8 प्रश्न हैं।

9. खंड (1) में 4 प्रश्न (40%)

   खंड (2) में 2 प्रश्न (20%) पढ़ने के लिए 10% मौखिक, पढ़कर लिखने के लिए 10%

   खंड (3) में 1 प्रश्न (20%)

   खंड (4) में 1 प्रश्न (20%)

10. मौखिक परीक्षा का ग्रेड लिखित परीक्षा के साथ जोड़ें।

11. 'पढ़ना' कौशल के अंतर्गत पढ़ने के लिए दिये गये अंश (एक प्रश्न) छात्रों से पढ़वाएँ।

# उत्तर पत्रों का मूल्यांकन ग्रेडिंग

अध्यापक उत्तर पत्रों का मूल्यांकन 5 पाइंट स्केल के अनुसार करें। अध्यापक को चाहिए कि वे हर शैक्षिक मापदंड के प्रश्नों को **A+/A/B+/B/C** ग्रेड देना चाहिए। इन ग्रेडों के मूल्य का निर्धारण निम्न लिखित तालिका के द्वारा करना चाहिए।

| **ग्रेड (श्रेणी)** | **ग्रेड (श्रेणी) का मूल्य (से-तक)** | **ग्रेडों (श्रेणी) की जानकारी** | **मूल्य** |
|---|---|---|---|
| ''C'' ग्रेड | 0 से 1 तक | अनिवार्य रूप से सहायता की आवश्यकता है। Need Help | 1 |
| ''B'' ग्रेड | 1.1 से 2 तक | औसत Fair | 2 |
| ''B+'' ग्रेड | 2.1 से 3 तक | संतोषजनक Good | 3 |
| ''A'' ग्रेड | 3.1 से 4 तक | उत्तम Excellent | 4 |
| ''A+'' ग्रेड | 4.1 से 5 तक | अत्युत्तम Out Standing | 5 |

छात्रों द्वारा लिखे गये उत्तरों को ग्रेड देना चाहिए। तत्पश्चात ग्रेडों का मूल्य निर्धारण करना चाहिए। मूल्य निर्धारण के कुल योग को प्रश्न की संख्या से विभाजित (Division) करना चाहिए। परिणाम के अनुसार शैक्षिक मापदंड में **A+/A/B+/B/C** ग्रेड देना चाहिए। एक उदाहरण नीचे दिया जा रहा है, ध्यान से देखिए।

उदाहरणः मान लिजिए सुनना-बोलना शैक्षिक मापदंड के अंतर्गत तीन प्रश्न दिये गये हैं। यदि इन तीन प्रश्नों को यानी प्रश्न संख्या 1, 2, 3 को **A+, B+, B** ग्रेड आते हैं, तो उसे इस तरह करना चाहिए-

| **क्र.सं.** | **प्राप्त ग्रेड** | **ग्रेड का मूल्य** | **शैक्षिक मापदंड का ग्रेड** |
|---|---|---|---|
| 1 | A+ | 5 | कुल ग्रेड मूल्य / प्रश्नों की संख्या = 10/3 = 3.33 = A ग्रेड (3.33 मूल्य 3.1 से 4 के बीच में आता है।) |
| 2 | B+ | 3 | |
| 3 | B | 2 | |
| | **कुल योग** | **10** | |

**विषयवार ग्रेडः** ऊपर बताये अनुसार शैक्षिक मापदंड के ग्रेडों को गिनकर प्रगति पत्र (रिपोर्ट कार्ड) में अंकित करना चाहिए। सभी शैक्षिक मापदंडों के ग्रेड मूल्यों को शैक्षिक मापदंडों की संख्या से विभाजित करने पर ''विषयवार ग्रेड'' प्राप्त होता है।

**कक्षावार ग्रेडः** इसी तरह सभी विषयों के ग्रेडों के मूल्यों को जोड़कर, विषयों की संख्या से विभाजित करने पर ''कक्षावार ग्रेड'' प्राप्त होता है।

# राजीव विद्या मिशन आंध्र प्रदेश
# सारांशात्मक परीक्षा (समेटिव टेस्ट)
## नमूना आकलन प्रश्न पत्र

**छात्र का नाम :** **विषय : हिंदी** **कक्षा - छठवीं (6)**

**क्रम संख्या :** **समय - 45 मिनट**

| शैक्षिक मापदंड | शै.मा.- I | शै.मा.- II | शै.मा.- III | शै.मा.- IV | कुल श्रेणी (ग्रेड) |
|---|---|---|---|---|---|
| श्रेणी (ग्रेड) | | | | | |

## खंड - 1

**सूचनाः अध्यापक निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं 3 प्रश्नों को प्रत्येक छात्र से पूछेंगे।**

प्रश्न 1: आपके माता-पिता का नाम बताओ।

प्रश्न 2: आपको कौन-कौन-से खेल पसंद हैं?

प्रश्न 3: आपके हिंदी अध्यापक का नाम क्या है? उनके बारे में दो वाक्य बोलो।

प्रश्न 4: आपको घर में सबसे अधिक कौन पसंद हैं? क्यों?

प्रश्न 5: आपकी पाठशाला के बारे में बताओ।

प्रश्न 6: आपकी कक्षा में क्या-क्या वस्तुएँ हैं?

प्रश्न 7: बाज़ार में क्या-क्या मिलता है?

प्रश्न 8: आपके कितने भाई-बहन हैं? नाम बताओ।

प्रश्न 9: चिड़ियाघर में दिखायी देने वाले कुछ जानवरों के नाम बताओ।



प्रश्न 10: मैदान में खेले जाने वाले कुछ खेलों के नाम बताओ।

## खंड - 2

**I. 1. जोड़ी बनाओ।**

| (अ) | (ब) |
|---|---|
| औरत | कलम |
| शरबत | छतरी |
| ऐनक | तितली |
| तितली | ऐनक |
| छतरी | औरत |

**2. जोड़ी बनाओ।**

| **(अ)** | **(ब)** |
|---|---|
|  | आलू |
|  | बस |
|  | ऋषभ |
|  | अनार |
|  | कीला |
|  | इमली |

## II. बालगीत पढ़ो।

देखो-देखो यह बाज़ार,
कितना प्यारा है बाज़ार।
सब कुछ मिलता है यहाँ,
सब लोगों का यह बाज़ार।।

**अब इन प्रश्न के उत्तर दो।**

प्रश्न 1: ऊपर दिये बालगीत में ‘ा’ मात्रा वाले शब्द लिखो।

(अ) ................................... (आ) .....................................

प्रश्न 2: ऊपर दिये बालगीत में ‘ि’ मात्रा वाले शब्द लिखो।

(अ) ................................... (आ) .....................................

प्रश्न 3: ऊपर दिये बालगीत में ‘ ु ’ मात्रा वाला शब्द लिखो।


(अ) ...................................

# खंड - 3

**I. 1. नीचे दिये गये फलों के रंगों के नाम लिखो।**



पीला



.................



.................



.................




.................



.................

**2. गुब्बारों के अक्षरों से शब्द बनाइए।**



उदाहरणः 1. जल

2. ..........................

3. ..........................

4. ..........................

5. ..........................

6. ..........................

## खंड - 4

**I. 1. पिताजी बाज़ार से थैली में क्या-क्या सामान लाते हैं? मनपसंद सब्ज़ी का चित्र भी बनाओ।**

1. .........................  6. ..........................

2. ..........................  7. ..........................

3. ..........................  8. ..........................

4. ..........................  9. ..........................

5. ..........................  10. ..........................

**तुम्हारी मनपसंद सब्ज़ी का नाम : ..........................................**